# महाकाल की पालकी | By Shalini Tiwari

हर हर महादेव, घर घर महादेव
पालकी रे पालकी, महाकाल की पालकी
जय श्री महाकाल, जय जय श्री महाकाल

महाकाल की पालकी जिस घर जाएगी
उसके सारे कष्ट मिटेंगे खुशिया आएगी

भक्तों के दु:ख हरने को शम्भू की निकली सवारी
बेडा पार किया सबका शिव जी की बात निराली
शंकर कृपा कर दे तो झोली भर जाएगी
महाकाल की पालकी जिस घर जाएगी

इधर उधर क्यूँ भटक रहा भोले से ध्यान लगा ले
महाकाल के दर पे तू श्रद्धा से शीश झुका ले
तेरी किस्मत चमकेगी बिगड़ी बन जायेगी
महाकाल की पालकी जिस घर जाएगी

शम्भू बड़े दयालु हैं वो विष का पी गए गागर
सदा ध्यान में अलख निरंजन अमृत का वो सागर
महादेव के महामंत्र से मंज़िल मिल जायेगी
महाकाल की पालकी जिस घर जाएगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%95%e0%a5%80-by-shalini-tiwari/